सान्ध्य हिन्दी दैनिक

जौनपुर से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष - 03 | अंक - 175 | जौनपुर, बुधवार, 12 फरवरी 2025 | सान्ध्य दैनिक (संस्करण) | पेज - 4 | मूल्य - 2 रूपये

## विकास कार्यों पर विपक्ष की नकारात्मक राजनीति को सीएम योगी ने दिखाया आईना



लखनऊ, (संवाददता)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके विचारों की प्रासंगिकता को रेखांकित किया। इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की अंत्योदय की सोच आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साकार हो रही है। उन्होंने गरीबी उन्मूलन के खोखले नारों पर विपक्ष को घेरा साथ ही सीएम योगी ने महाकुंभ को लेकर दुष्प्रचार करने वालों पर भी करारा प्रहार किया। सीएम योगी ने कहा कि जीवन भर वीवीआईपी ट्रीटमेंट लेने वाले लोग आज महाकुम्भ को लेकर दुष्प्रचार में जुटे हैं। सीएम योगी ने कहा कि पिछली सरकारों ने गरीबी हटाने के बड़े–बड़े नारे दिए, लेकिन गरीबों की संख्या लगातार बढ़ती रही। वहीं, मोदी सरकार ने बीते 11 वर्षों में गरीबों को सशक्त बनाने का कार्य किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, शौचालय निर्माण, जल जीवन मिशन और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं की चर्चा की। उन्होंने बताया कि अब तक 4 करोड़ गरीबों को मकान मिल चुके हैं, 12 करोड़ शौचालय बने हैं, 10 करोड़ लोगों को मुफ्त गैस कनेक्शन मिला है और 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। ये सभी योजनाएं अंत्योदय के मंत्र को साकार कर रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष द्वारा महाकुंभ को लेकर किए जा रहे दुष्प्रचार पर भी जवाब दिया। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में 29 दिन में 45 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में आस्था की डुबकी लगाई है, जो एक ऐतिहासिक घटना है। उन्होंने कहा कि भारत और चीन के बाद दुनिया के किसी देश की आबादी 45 करोड़ नहीं है, एक अस्थाई शहर में 45 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आकर डुबकी लगाए इससे बड़ी बात और क्या हो सकती है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग इसे वीआईपी स्नान से जोड़कर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन सच यह है कि महाकुम्भ समरसता और आस्था का संगम है, जहां जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र के भेदभाव को खत्म करके सभी श्रद्धालु एक साथ जुड़ते हैं। लेकिन ये नकारात्मकता फैलाने वाले कौन लोग हैं, ये वही लोग हैं जिन्होंने जीवन भर सरकार की वीवीआईपी ट्रीटमेंट लिया है और अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए एक रास्ता खोलने का प्रयास किया था। ये वही लोग हैं जो नकारात्मकता पैदा करके भारत और सनातन के विरोध में सदैव खड़े रहते हैं और दुष्प्रचार करने में मशगूल रहते हैं। सीएम योगी ने विकास कार्यों में बाधा पहुंचाने वाले लोगों पर भी तंज कसते हुए कहा कि जब भी कोई नई योजना शुरू होती है, तो कुछ लोगों को केवल कमियां निकालने की आदत होती है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि 'जब पाइपलाइन बिछाई जाती है, तो सड़कें खुदाई के कारण खराब हो जाती हैं, लेकिन जब वह कार्य पूरा होता है, तो लोगों को सुविधा मिलती है।' उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि जब हम 4 करोड़ लोगों को आवास देते हैं तो वे कहते हैं कि अभी बहुत लोग बाकी हैं उनको बताना चाहता हूं कि 3 करोड़ आवास और स्वीकृत किए जा चुके हैं। जो लोग पहले केवल वीआईपी सुविधाएं भोगते थे, वही आज आम जनता को मिल रही सुविधाओं पर सवाल खड़ा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले की सरकारें सिर्फ गरीबी हटाने के नारे देती रहीं, लेकिन हकीकत में गरीबों की संख्या लगातार बढ़ती गई। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से गरीबी उन्मूलन का वास्तविक कार्य किया।

## संक्षिप्त समाचार

### आजादी के बाद पहली बार की जनगणना समय पर नहीं–गहलोत

जयपुर, (एजेंसी)। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने कहा है कि देश की आजादी के बाद पहली बार जनगणना तय समय पर नहीं हुई है। गहलोत ने मंगलवार को यहां अपने बयान में यह बात कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने भारत की करोड़ों गरीब जनता की मांग को संसद में उठाया है। यह समझ के परे है कि वर्ष 2021 में प्रस्तावित जनगणना को कोविड का बहाना देकर स्थगित किया गया एवं चार साल बीत जाने के बाद भी जनगणना नहीं करवाई जा रही है। देश की आजादी के बाद पहली बार ऐसा हुआ है कि जनगणना तय समय पर नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि जनगणना न होने के कारण सरकारी योजनाओं खासकर खाद्य सुरक्षा योजना की प्लानिंग ठीक से नहीं हो पा रही है। 14 साल पुराने आंकड़ों से बनाई गई योजनाओं के कारण एक बड़ा वर्ग लाभान्वित नहीं हो पा रहा है। उदाहरण के लिए 2011 में 14 साल का बच्चा आज 28 साल का युवा हो चुका है परन्तु जनगणना नहीं होने के कारण खाद्य सुरक्षा का लाभ नहीं मिल पाएगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार को जल्द से जल्द जनगणना शुरू करानी चाहिए जिससे नए आंकड़ों से अधिक से अधिक लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ मिल सकेगा।

### अगर पीएम मोदी को सत्ता से बाहर रखना है तो सबको एक साथ आना होगा : विजय वडेट्टीवार

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे के बीच हुई मुलाकात पर सियासत तेज हो गई है। कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दोनों नेताओं पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के लोगों को दोनों दलों की शादी का इंतजार है। कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने देवेंद्र फडणवीस और राज ठाकरे के बीच हुई मुलाकात पर कहा, ष्दोनों नेता पहले भी मिल चुके हैं, लेकिन महाराष्ट्र के लोगों को दोनों दलों की शादी का इंतजार है। मैं सिर्फ उनसे यही कहूंगा कि वह जल्द शादी कर लें। उन्होंने दिल्ली विधानसभा चुनाव के सवाल पर कहा, ष्अगर दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की पार्टी हारी है तो हम क्या उसके जिम्मेदार हैं। एक समय ऐसा भी आया था जब केजरीवाल ने हमारे ऊपर भी आरोप लगाया था। इसलिए मैं सिर्फ उनसे यही कहूंगा कि उन्हें मर्यादा में रहना चाहिए। अगर मोदी को सत्ता से बाहर रखना है तो सबको एक साथ आना चाहिए। यूट्यूबर–पॉडकास्टर रणवीर अल्लाहबादिया की अभद्र टिप्पणी पर कांग्रेस नेता ने कहा, ष्शो में जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल किया गया है, उससे सभी पेरेंट्स को सदमा लगा है। वह किस दिशा में देश के बच्चों को लेकर जा रहे हैं। अगर कोई बच्चा ऐसे वीडियो को देखेगा तो वह क्या सोचेगा। मैं प्रधानमंत्री से ये पूछना चाहता हूं कि ऐसे (रणवीर) लोगों को क्यों पुरस्कार दिया जाता है और उन्हें (प्रधानमंत्री) कौन सलाह देता है। मैं एक पेरेंट्स होने के नाते केंद्र और राज्य सरकार से यही मांग करता हूं ।

## बजट पर चर्चा के दौरान अखिलेश यादव का भाजपा पर जोरदार हमला, लगाए बड़े आरोप

लखनऊ, (संवाददता)। लोकसभा में बोलते हुए, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि वह विपक्ष में अपने सहयोगियों की तरह केंद्रीय बजट के खिलाफ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि यह बजट एक लक्षित बजट है, यह बजट उन लोगों के लिए केंद्रित है जो बहुत अमीर हैं, बड़े लोग हैं, उद्योगपति हैं। यह बजट उनके लिए बनाया गया है। मुझे इसमें भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का कोई रोडमैप नजर नहीं आता और रोडमैप इसलिए नजर नहीं आता क्योंकि बजट आते ही हमने वो तस्वीरें देखीं। सपा नेता ने सवाल करते हुए कहा कि क्या इस देश के लिए 10 बजट सिर्फ इसलिए बनाए गए थे कि जब 11वां बजट आएगा तो पूरा देश और पूरी दुनिया देखेगी कि भारत के लोगों को हथकड़ी लगाकर वापस भेज दिया गया। वहीं, कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने केंद्रीय बजट के कई पहलुओं को लेकर सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि इस सरकार ने भारत की आने पीढ़ियों पर भी कर्ज का बोझ लाद दिया है। उन्होंने लोकसभा में बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए यह भी कहा कि दुनिया में कई आर्थिक विचार रहे जो परिवर्तनकारी साबित हुए, लेकिन इस सरकार का सबसे बड़ा विचार 'नोटबंदी' अपने एक भी उद्देश्य को पूरा नहीं कर सका। तिवारी के अनुसार, आज भारतीय अर्थव्यवस्था में नकदी का चलन 35.99 लाख करोड़ रुपये है, जबकि नोटबंदी के समय यह राशि 16 लाख करोड़ रुपये से अधिक ही थी। कांग्रेस सांसद ने कहा कि वर्ष 2024–25 में वित्तीय घाटे में मामूली कमी आई है। उन्होंने दावा किया कि सरकार ने बहुत ही चतुराई से वित्तीय घाटे के मापने के तरीके को बदल दिया। उन्होंने सदन में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के मौजूद नहीं होने पर सवाल उठाया और दावा किया कि यह सदन की परंपरा के अनुरूप नहीं है। इस पर केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा कि वित्त मंत्री राज्यसभा में हैं।

## दिल्ली में आपके पास कितने विधायक भगवंत मान ने कांग्रेस पर किया पलटवार



पंजाब , (एजेंसी)। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को कांग्रेस नेता और पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा के आम आदमी पार्टी की पंजाब इकाई में दरार के दावों पर कटाक्ष किया और पूछा कि दिल्ली में कांग्रेस पार्टी के कितने विधायक हैं। उन्होंने पंजाब में कानून–व्यवस्था की आलोचना के लिए भी बाजवा की आलोचना की और कहा कि स्थिति अधिकांश राज्यों से बेहतर है। मान ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मैं प्रताप सिंह बाजवा से पूछूंगा कि दिल्ली में उनके कितने विधायक हैं। मान ने कहा कि पाला बदलना कांग्रेस की संस्कृति हैय वे दूसरों के बारे में बात करते हैं लेकिन अपनी चिंता नहीं करते। इसके साथ ही मान ने कहा कि पंजाब की कानून–व्यवस्था ज्यादातर राज्यों से बेहतर है। सीमावर्ती राज्य होने के कारण हमें अतिरिक्त प्रयास करने होंगे और हम वह कर रहे हैं। कांग्रेस की पंजाब इकाई के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने हाल में दावा किया था कि राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी के 30 से अधिक विधायक उनकी पार्टी के संपर्क में हैं और पाला बदल सकते हैं। बाजवा ने कहा था कि इन विधायकों को एहसास हो गया है कि आप के साथ रहना लंबे समय में राजनीतिक रूप से फायदेमंद नहीं हो सकता। कांग्रेस नेता के दावों पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री मान ने कहा, ''बाजवा यह बात कहते रहे हैं। उन्हें हमारे विधायकों की गिनती नहीं करनी चाहिए बल्कि यह देखना चाहिए कि दिल्ली में कांग्रेस के कितने विधायक हैं।'' मान ने कहा कि आप नेता ''बिना किसी लालच के समर्पित'' नेता हैं। मुख्यमंत्री मान आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल द्वारा दिल्ली के कपूरथला हाउस में पंजाब के मंत्रियों और विधायकों के साथ बैठक किए जाने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। यह बैठक दिल्ली विधानसभा चुनाव में आप की हार के बाद हुई, जिससे इसकी पंजाब इकाई में अस्थिरता की अटकलें तेज हो गईं।

## महाकुंभ में उमड़े आस्था के महासागर से अखिलेश यादव परेशान : केशव प्रसाद मौर्य



मेरठ, (एजेंसी)।उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव को महाकुंभ में श्रद्धालुओं के महासागर के उमड़ने से परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव रोज सोशल मीडिया पर उल्टा–सीधा पोस्ट कर रहे हैं। व्यवस्था कुछ कर नहीं सकते, क्योंकि उनकी अव्यवस्था फैलाने वाली पार्टी है। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री को ऐसे बयान नहीं देने चाहिए। अगर उनके पास कोई सुझाव है, तो बताएं। इस तरह से मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से दुष्प्रचार करना गलत है। उन्होंने कहा कि व्यवस्था बहुत अच्छी है। मैं प्रयागराज का रहने वाला हूं। लेकिन, कोई अव्यवस्था न हो, इस कारण हम लोग ज्यादा नहीं जा रहे हैं। इसका ख्याल रखा जा रहा है कि श्रद्धालुओं की सेवा में कोई दिक्कत नहीं हो। महाकुंभ में अपेक्षा से अधिक श्रद्धालु आ रहे हैं। महाकुंभ में स्वतंत्र भारत के इतिहास में सबसे अच्छी व्यवस्था है। उन्होंने तंज कसा कि अखिलेश यादव की पार्टी लोकसभा चुनाव जीतती है तो सब ठीक होता है। जब हार जाती है तब उन्हें सब खराब लगता है। 2027 में सपा की बड़ी दुर्दशा होने जा रही है। वह समाप्तवादी पार्टी बनने जा रही है। सपा के बारे में समाज की धारणा है कि वो गुंडों–अपराधियों की पार्टी है। भाजपा के सुशासन में गुंडों और माफियाओं पर नकेल कसी गई है। अपराधियों को पता है कि कुछ गलत करेंगे तो परेशानी उठानी पड़ेगी। भाजपा की विजय भी इस बात का प्रमाण है कि जनता का आशीर्वाद हमें मिल रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है। उसके साथ ऐसा आचरण सिर्फ सपा ही कर सकती है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की लूट और झूठ को जनता ने नकार दिया है। जनता विकास चाहती है, विवाद नहीं। अरविंद केजरीवाल ने 10 साल की सरकार में दिल्ली को कूड़े के ढेर में तब्दील कर दिया। यमुना को प्रदूषित किया। आम आदमी पार्टी ने भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। दिल्ली देश की राजधानी है। इसे भाजपा ही बेहतर बना सकती है। अरविंद केजरीवाल को दिल्ली की जनता ने जो सजा सुनाई है, उसका स्वागत है।

## भाजपा ने अनिल विज को जारी किया कारण बताओ नोटिस, तीन दिन में मांगा जवाब

चंडीगढ़, (एजेंसी)। हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल विज को भाजपा ने कारण बताओ नोटिस भेजा है। यह नोटिस हरियाणा भाजपा अध्यक्ष मोहनलाल बडोली की तरफ से भेजा गया है और अनिल विज को तीन दिनों में जवाब देने के लिए कहा गया है। भेजे गए नोटिस में लिखा गया है, ष्यह सूचित किया जाता है कि आपने हाल ही में पार्टी के अध्यक्ष और पार्टी के मुख्यमंत्री पद के खिलाफ सार्वजनिक रूप से बयान दिए हैं। यह गंभीर आरोप हैं और यह पार्टी की नीति तथा आंतरिक अनुशासन के खिलाफ है। आपका यह कदम न केवल पार्टी की विचारधारा के खिलाफ है, बल्कि यह उस समय पर हुआ है, जब पार्टी पड़ोसी राज्य में चुनावों के लिए अभियान चला रही थी।ष नोटिस में आगे लिखा गया, ष्चुनावी समय में एक सम्मानित मंत्रीपद वहन करते हुए इस प्रकार की बयानबाजी से पार्टी की छवि को नुकसान होगा, यह जानते हुए आपने ये बयान दिए हैं और यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देश अनुसार आपको यह कारण बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है। आपसे यह अपेक्षा करते हैं कि तीन दिन में आप इस विषय पर लिखित स्पष्टीकरण देंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी और प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष मोहनलाल बडोली के खिलाफ दिए गए बयानों के कारण अनिल विज को नोटिस भेजा है। हाल ही में सैनी सरकार में मंत्री अनिल विज ने प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष मोहनलाल बडोली से इस्तीफे की मांग की थी, जब हिमाचल प्रदेश में उनके खिलाफ कथित दुष्कर्म मामले में एफआईआर दर्ज हुआ था। विज ने कहा था कि बडोली के खिलाफ हिमाचल प्रदेश में एक मामला दर्ज होने के बाद उन्हें तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री सैनी के खिलाफ भी नकारात्मक टिप्पणी की थी, जो पार्टी के भीतर विवाद का कारण बना था।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में उदय होगा विकास का सूरज – ज्योतिरादित्य सिंधिया

गुना, (एजेंसी)। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर जनता का आभार जताते हुए कहा कि प्रदेश का विकास हमारी प्राथमिकता है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि 27 वर्षों से जो प्रदेश विकास और प्रगति की राह से पूर्ण रूप से गुमराह हुआ था, अब वहां पीएम मोदी के नेतृत्व में विकास का सूरज उदय होगा। दिल्ली को विकसित बनाने के संकल्प के सफर पर आज से हम निकल पड़े हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली के मतदाताओं ने आम आदमी पार्टी को सत्ता से बेदखल कर दध्यिा है। डबल इंजन सरकार अब दिल्ली की प्रगति को आगे बढ़ाएगी। 27 साल बाद दिल्ली की जनता ने भाजपा को विकास के कामों के लिए जनादेश दिया है। पीएम मोदी का लक्ष्य गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं का उत्थान करना है, जिससे विकसित दिल्ली का मार्ग प्रशस्त होगा। वहीं, दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आज हमने सभी नवनिर्वाचित विधायकों के साथ चाय पर चर्चा की, जिसे आप बैठक कह रहे हैं, हम नियमित रूप से ऐसी चर्चा करते हैं। सभी नए विधायकों का अभिनंदन किया गया। इस जीत के लिए मैं जनता का आभार जताता हूं। दिल्ली में डबल इंजन की सरकार विकास की गति को आगे बढ़ाएगी। विश्वास नगर विधानसभा सीट से भाजपा के विजयी उम्मीदवार ओम प्रकाश शर्मा ने कहा कि लोग अरविंद केजरीवाल के कामों से तंग आ चुके थे। जिसके बाद उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की कल्याणकारी योजनाओं और नीतियों में भरोसा जताया है। जनता ने भारतीय जनता पार्टी को भारी बहुमत दिया है। हम जल्द ही सरकार का गठन करेंगे। आपको बता दें कि 70 सदस्यीय दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा को 48 सीटों पर जीती मिली है, जबकि आप को 22 सीटें मिली हैं। कांग्रेस का खाता भी नहीं खुला है।

## इंडियन एनर्जी वीक में देखने को मिलेगा अभूतपूर्व वैश्विक भागीदारी और नवाचार : हरदीप पुरी

नई दिल्ली, (एजेंसी)। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को द्वारका के यशोभूमि में आयोजित होने वाली इंडियन एनर्जी वीक के बारे में जानकारियां साझा कीं। उन्होंने कहा कि इस अनोखी प्रदर्शनी का मकसद हमारे देश में होने वाले पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स के बारे में लोगों को जानकारियां देना है। साथ ही आज हम एनर्जी और पेट्रोलियम के क्षेत्र में किस तरह आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा रहे हैं, उसके बारे में भी इस प्रदर्शनी में जानकारी दी जाएगी। इसमें दुनिया के अलग–अलग देश भी पार्टिसिपेट कर रहे हैं। कतर, संयुक्त अरब अमीरात और कई अन्य पेट्रोलियम उत्पादक देश इसमें हिस्सा ले रहे हैं। पुरी ने आगे कहा कि इंडियन एनर्जी वीक 2025 ऊर्जा कैलेंडर पर पहला प्रमुख वैश्विक आयोजन और वर्ष का सबसे व्यापक एवं समावेशी ऊर्जा समागम होगा, जिनसे ऊर्जा बाजार पर परिवर्तनकारी प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। इंडियन एनर्जी वीक अपने पिछले दो संस्करणों की तुलना में और भी बड़ा, अधिक विविध और अधिक प्रभावशाली होने वाला है। 1 लाख वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में फैला इंडियन एनर्जी वीक



मंत्रिस्तरीय और सीईओ की भागीदारी, प्रदर्शनी स्थल और सत्रों की संख्या के मामले में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा ऊर्जा कार्यक्रम होगा। मंत्री ने कहा कि इंडियन एनर्जी वीक के दौरान पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय स्वच्छ पाक कला मंत्रिस्तरीय बैठक की मेजबानी करेगा, जिसमें वैश्विक नीति निर्माता, उद्योग जगत के नेता और विशेषज्ञ स्वच्छ पाक कला समाधानों में बदलाव को गति देने के लिए एक साथ आएंगे। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के साथ भारत की सफलता को वैश्विक अपनाने के लिए एक मॉडल के रूप में प्रदर्शित करेगा। इसका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना, नीतिगत चर्चाओं को आगे बढ़ाना और दुनिया भर के घरों के लिए स्वच्छ, सस्ती और सुलभ खाना पकाने की ऊर्जा सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी साझाकरण को सुविधाजनक बनाना है। मंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्रालय, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, नीति आयोग और खान मंत्रालय सहित प्रमुख भारतीय ऊर्जा मंत्रालयों की भागीदारी होगी, जो एकीकृत ऊर्जा समाधानों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## राज्यसभा में फिर उठा बाबा साहेब के अपमान का मुद्दा, बीजेपी पर भड़के खड़गे

नई दिल्ली, (एजेंसी)। संविधान और लोकतंत्र को कुचलने के आरोपों से बीजेपी अपना पीछा नहीं छुड़ा पा रही है। पिछले शीतकालीन सत्र में राज्यसभा में गृहमंत्री अमित शाह के अंबेडकर पर दिए बयान के बाद से कांग्रेस ने बीजेपी से माफी की मांगी की थी, साथ ही अमित शाह का इस्तीफा भी मांगा था। कांग्रेस अब भी पूरे देश में संविधान और डॉ० अंबेडकर के अपमान का मुद्दा उठा रही है। आज राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने फिर से इस मुद्दे को उठाया तो सभापति जगदीप धनखड़ ने फिर खड़गे को रोका और इसमें बीजेपी और ज्यादा फंस गई संविधान से खिलवाड़ और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर का अपमान इन दो मुद्दों ने बीजेपी को बुरी तरह जकड़ लिया है। कई राज्यों में जीत के बावजूद बीजेपी डॉ० अंबेडकर का अपमान करने का दाग मिटा नहीं पा रही है। कांग्रेस संसद से सड़क तक इस मुद्दे पर बीजेपी को घेर चुकी है। आज फिर राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे



ने बाबा साहेब का अपमान करने का मुद्दा उठाया और बताया कि बीजेपी इस मामले में किस तरह गुमराह कर रही है। खड़गे ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष अपनी बात पूरी रखना चाहते थे, लेकिन जगदीप धनखड़ उन्हें बार–बार टोकते रहे, उन्हें लगा होगा कि इस तरह शायद बीजेपी का बचाव होगा। लेकिन खड़गे के तेवर ने बता दिया। कि बीजेपी के लिए खुद को बचाना अब आसान नहीं है।

## संपादकीय

# दिल्ली का जनादेश

देश को वैकल्पिक राजनीति व साफ–सुथरे प्रशासन देने के वायदे के साथ सत्ता में आई आम आदमी पार्टी का हालिया विधानसभा चुनावों में हुआ हश्र अप्रत्याशित नहीं है। निश्चित रूप से भाजपा के साधन–संपन्न बड़े संगठन और उसके केंद्र की सत्ता में होने का मुकाबला कर पाना किसी भी दल के लिये आसान नहीं था। भ्रष्टाचार के विरुद्ध चले अन्ना आंदोलन से उपजी आप के मुखिया अरविंद केजरीवाल पार्टी के पोस्टर ब्वाय के रूप में तो उभरे लेकिन जब उन पर तथा उनके सहयोगियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे, तो वे जनता की अदालत में खुद को पाक–साफ साबित नहीं कर पाये। दरअसल, पिछले एक दशक से केंद्र सरकार से लगातार टकराव, कोर्ट–कचहरी और आरोप–प्रत्यारोपों से दिल्ली की जनता भी तंग आ चुकी थी। निस्संदेह, शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में आप ने रचनात्मक पहल जरूर की, लेकिन केंद्र सरकार व उसके प्रतिनिधि एलजी से लगातार जारी टकराव से दिल्ली का विकास अवरुद्ध होता नजर आया। लेकिन भाजपा ने जिस व्यापक स्तर पर और प्रतिष्ठा का प्रश्न बनाकर दिल्ली का चुनाव लड़ा, उसके अप्रत्याशित परिणाम आने स्वाभाविक थे। इस तरह भाजपा ने ढाई दशक से अधिक के वनवास को खत्म करके सत्ता का वरण कर लिया। लेकिन 43 फीसदी मत व 22 विधायकों के साथ उभरी आप एक मजबूत विपक्ष की भूमिका में जरूर रहेगी। लेकिन यह जरूर है पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल व पार्टी के नंबर दो मनीष सिसोदिया, सौरभ भारद्वाज, सत्येंद्र जैन आदि अन्य धुरंधरों की हार से विधानसभा में आप की आवाज कमजोर जरूर हो जाएगी। वहीं कयास लगाए जा रहे हैं कि इन चुनावों के परिणाम से आप का अन्य राज्यों में विस्तार प्रभावित होगा। बहुत संभव है कि आप की पंजाब सरकार पर कुछ आंच आए। लेकिन एक बात तय है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में जिस भाजपा के प्रदर्शन को कमजोर आंका जा रहा था, वह एक बार फिर जीत की लय में दिखायी दे रही है। उसने हरियाणा के बाद महाराष्ट्र में यह करिश्मा दिखाया। इस चुनाव में कांग्रेस का खाता न खुलना पार्टी के लिये निराशाजनक ही है। वहीं इंडिया गठबंधन के लिये भी यह स्थिति बेहद निराशाजनक है क्योंकि दिल्ली विधानसभा चुनाव में उसके दो दल आप व कांग्रेस ताल ठोककर उतरे थे। इस चुनाव का एक रोचक पहलू यह भी रहा है कि अब तक मुफ्त की रेवड़ियों वाला आप का जो हथियार उसके विपक्षियों को पस्त करता रहा है, भाजपा ने उसी हथियार को आप के खिलाफ सफलतापूर्वक इस्तेमाल किया। खासकर महिलाओं को नकद राशि देने के भाजपा के वायदे ने गेमचेंजर की भूमिका निभायी। वहीं भाजपा के मजबूत संगठन और सशक्त चुनावी तंत्र ने तसवीर बदलने में निर्णायक भूमिका निभाई है। यही वजह है कि जहां भाजपा का खुशियों का कमल खिला, वहीं कांग्रेस की शून्य की हैट्रिक देश की सबसे पुरानी पार्टी को आत्ममंथन को बाध्य कर गई है। बहरहाल, इन चुनाव परिणामों ने आप को अपने सबसे मुश्किल दौर में पहुंचा दिया है। साथ ही यह भारतीय राजनीतिक परिदृश्य में वैकल्पिक राजनीति के सपने के टूटने जैसा भी है।

# आखिर तीसरे मोर्चे के सियासी तीरंदाजों का राजनीतिक भविष्य अब क्या होगा?

कमलेश

दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के दौरान भाजपा और कांग्रेस विरोधी क्षेत्रीय दलों ने जो पारस्परिक एकजुटता दिखाई, उससे भी यहां पिछले 12 वर्षों तक सत्तारूढ़ रही आम आदमी पार्टी यानी श्आपश की सियासी भलाई संभव नहीं हो पाई और भाजपा नीत एनडीए के हाथों श्आपश को करारी चुनावी मात मिली। इस चुनाव में 70 सदस्यीय दिल्ली विधानसभा की 48 सीटों पर जहां भाजपा ने बाजी मारी, वहीं आप को उसने महज 22 सीटों पर ही समेट दिया। वहीं, दिल्ली पर सत्तारूढ़ रही इंडिया गठबंधन की सहयोगी श्आपश की रणनीति ही ऐसी मारक रही कि देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस का यहां तीसरी बार भी खाता नहीं खुलने दिया, जिससे उसके रणनीतिकारों की राजनीतिक पेशानी पर बल पड़ना स्वाभाविक है। बता दें कि 2015, 2020 और 2025 के दिल्ली विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को एक भी सीट पर चुनावी सफलता नहीं मिल पाई है, जबकि उसकी शीला दीक्षित सरकार ने डेढ़ दशक तक यहां शासन किया है और दिल्ली के बहुमुखी विकास में उल्लेखनीय भूमिका अदा की है। दरअसल, यह सब कुछ अनायास नहीं हुआ बल्कि भाजपा की एक सोची–समझी गुप्त रणनीति के तहत किया गया, जिसे अपनी–अपनी राजनीतिक जमीन बनाने के चक्कर में आप और कांग्रेस नहीं समझ पाई। साथ ही, कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन में शामिल क्षेत्रीय दलों ने भी आप और कांग्रेस के बीच लोकसभा चुनाव 2024 के आए परिणामों के बाद से दिल्ली–पंजाब में चौड़ी हो रही सियासी खाई को पाटने में दिलचस्पी नहीं दिखाई, बल्कि आप की खुली तरफदारी करके कांग्रेस को नीचा दिखाने का काम किया। इससे भी बात बनते बनते बिगड़ गई। बता दें कि दिल्ली के पड़ोसी राज्य उत्तरप्रदेश की प्रमुख विपक्षी समाजवादी पार्टी यानी सपा के मुखिया व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ तृण मूल कांग्रेस यानी टीएमसी की सुप्रीमो व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, महाराष्ट्र की विपक्षी पार्टी शिवसेना यूबीटी के आलाकमान उद्धव भाऊ ठाकरे, एनसीपी शरद पवार के प्रमुख शरद पवार आदि ने अपने–अपने सूबे में जारी कांग्रेस के सियासी दांवपेचों से खार खाते हुए दिल्ली विधानसभा चुनावों में आप की खुली तरफदारी की, जिससे कांग्रेस का मुस्लिम–दलित वोट बैंक आप के साथ जुड़ा रहा। इससे दिल्ली में कांग्रेस को तीसरी बार भी जीरो पर समेटने में श्आपश सफल रही। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव 2024 से पहले कांग्रेस के नेतृत्व में बने श्इंडिया गठबंधनश में आप भले ही दिल्ली में शामिल रही, लेकिन पंजाब में उसने दोस्ताना मुकाबला किया। फलाफल यह निकला कि दिल्ली की कुल 7 लोकसभा सीटों में से आप के हिस्से वाली 3 सीटों पर और कांग्रेस के हिस्से वाली 4 सीटों पर भाजपा ने दोनों पार्टियों को जबरदस्त शिकस्त दी। वहीं, पंजाब में हुए दोस्ताना टक्कर के दौरान वहां सत्तारूढ़ श्आपश पर कांग्रेस भारी पड़ी, क्योंकि पंजाब के 14 लोकसभा सीटों में से आप को जहां मात्र 3 सीटों पर जीत मिली, वहीं कांग्रेस ने 7 सीटों पर अपना कब्जा जमा लिया। जो आप नेताओं को नागवार गुजरा। जबकि कांग्रेस ने अपनी सूबाई नेतृत्व की पीठ थपथपाई, जिसने अड़ियल रूख दिखलाकर आप–कांग्रेस में आत्मघाती राजनीतिक समझौता नहीं होने दिया और आप पर दुगुनी से ज्यादा बढ़त हासिल करके दिखला दिया। समझा जाता है कि यहीं से कांग्रेस और आप में पुनः राजनीतिक दूरी बननी शुरू हो गई, क्योंकि पंजाब में कांग्रेस की रीति–नीति ही वहां पर सत्तारूढ़ आप की भगवंत मान सिंह सरकार के लिए गम्भीर खतरा बन सकती है। चूंकि कांग्रेस ही पंजाब में मुख्य विपक्षी पार्टी है, इसलिए उसके साथ आप की राजनीतिक मित्रता का पंजाब के लोगों के बीच गलत संदेश जा सकता है। वहीं, दिलचस्प बात यह है कि चाहे दिल्ली हो या पंजाब, आप ने कांग्रेस को सियासी शिकस्त देकर ही सत्ता पाई है। इसलिए दोनों में महज भाजपा विरोधी धर्मनिरपेक्षता के सवाल पर दोस्ती की गुंजाइश बनाना आप के लिए आत्मघाती रणनीति हो सकती है। कुछ यही सोचकर आप ने दिल्ली में एकला चलने का निर्णय लिया और इंडिया गठबंधन के क्षेत्रीय दलों को कांग्रेस विरोध के नाम पर अपने पाले में कर लिया। हालांकि, जम्मू–कश्मीर के मुख्यमंत्री और नेशनल कांफ्रेंस नेता उमर अब्दुल्ला ने इस मामले में कांग्रेस–आप समेत इंडिया गठबंधन के विभिन्न घटक दलों को समय रहते ही आगाह कर दिया था, लेकिन उनकी दूरदर्शितापूर्ण सलाह की सबने अनदेखी की। यही वजह है कि आप व कांग्रेस की उम्मीदों के विपरीत चुनाव परिणाम मिलने पर उन्होंने सटीक टिप्पणी की कि ष्जी भरकर लड़ो, खत्म कर दो एक दूसरे को। कहने का तातपर्य यह कि उमर अब्दुल्ला चाहते हैं कि इंडिया गठबंधन के घटक दलों को साथ मिलकर चुनाव लड़ना चाहिए, क्योंकि घटक दलों के आपस में लड़ने से भाजपा को फायदा मिल रहा है। चूंकि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की तरह जम्मू–कश्मीर में भी उमर अब्दुल्ला ने भाजपा को रोका है, इसलिए उनकी बातों का अपना महत्व है। इधर शिवसेना यूबीटी प्रवक्ता संजय राउत ने भी कहा है कि दिल्ली में कांग्रेस और आप मिलकर लड़ते तो परिणाम अलग होते। भाजपा की हार तय थी। उधर, माकपा नेता टीपी रामकृष्णन ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन के प्रभावी समन्वय के लिए कदम नहीं उठाए। इनकी बातों में



दम है क्योंकि जब दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस विरोधी क्षेत्रीय दल आप को समर्थन देने लगे तो कांग्रेस की ओर से बयान आया कि इंडिया गठबंधन सिर्फ लोकसभा चुनाव के लिए था। विभिन्न राज्यों की राजनीतिक परिस्थितियों के मद्देनजर कांग्रेस स्वहित के अनुकूल निर्णय करेगी। उसकी यही बात इंडिया गठबंधन के घटक दलों को भी नागवार गुजरी। राजनीतिक मामलों के जानकार बताते हैं कि चूंकि लोकसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन को अप्रत्याशित सफलता मिली थी, इसलिए उसको और मजबूत किए जाने का दारोमदार भी कांग्रेस पर ही है। लेकिन उत्तरप्रदेश में समाजवादी पार्टी, महाराष्ट्र में शिवसेना यूबीटी और एनसीपी शरद पवार, पश्चिम बंगाल में टीएमसी आदि को ज्यादा लोकसभा सीटें मिलने से इनकी अंदरूनी प्रतिस्पर्धा कांग्रेस से ही शुरू हो गई, जो बात राहुल गांधी को नागवार गुजरी। उनसे जुड़े सूत्रों का कहना है कि 1977, 1989 और 1996 में जिन दलों ने कांग्रेस की कब्र खोदी औए 2004 से 2014 तक कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए सरकार से मतलब परस्त आंखमिचौली करके उसे कमजोर किया, उनसे कांग्रेस के भले की उम्मीद करना व्यर्थ है। इसलिए श्आत्मनिर्भर कांग्रेसश की रणनीति पर जोर देना उन्होंने पुनः शुरू किया है, जिससे कथित तीसरे मोर्चे के यूपीए, महागठबंधन, महाविकास अघाड़ी और इंडिया गठबंधन के साझीदारों में खलबली मची हुई है। आपको याद दिला दें कि केंद्र में 1979–80 में विभाजित जनता पार्टी की चौधरी चरण सिंह सरकार, 1990 में विभाजित जनता दल की चंद्रशेखर सरकार और 1996–98 में भाजपा विरोधी संयुक्त मोर्चे क्रमशः देवगौड़ा और गुजराल सरकार के उत्थान–पतन में कांग्रेस की शातिर राजनीतिक चालों का अहम योगदान रहा है, ताकि कांग्रेस विरोधी मोर्चा समय रहते ही धराशायी हो जाए। उस दौर में क्षेत्रीय दल कभी आरएसएस, कभी जनसंघ और बाद में भाजपा से गठबंधन करके कांग्रेस को केंद्रीय व सूबाई सत्ता से सत्ताच्युत तो कर देते थे, लेकिन उसकी कुटिल चालों के सामने टिक नहीं पाते थे। हालांकि, भाजपा नेतृत्व ने समय रहते ही इसे समझ लिया और कभी गठबंधन तो कभी एकला चलो की रणनीति अपनाकर खुद को कांग्रेस के मजबूत विकल्प के रूप में उभरी और उसके तमाम सियासी रिकॉर्डों को ध्वस्त करती चली गई। यही वजह है कि कांग्रेस फिर उन्हीं दलों के साथ गठबंधन करने लगी, जिनको वह 1977 या 1989 या 1996 के सियासी दौर में देखना पसंद नहीं करती थी। इस नजरिए से 2004 में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए का गठन करके क्षेत्रीय दलों को साथ लेने का सोनिया गांधी का फैसला एक महत्वपूर्ण राजनीतिक फैसला साबित हुआ। ऐसा करके उन्होंने न केवल एनडीए पर बढ़त बनाई, बल्कि 10 सालों तक केंद्र में शासन भी किया। हालांकि, अपने सहयोगी दलों की करतूतों का सियासी खामियाजा भी कांग्रेस को 2014 में भुगतना पड़ा। जिससे वह आज तक उबर नहीं पाई है। इसी बीच यूपी–बिहार की सूबाई सत्ता में बने रहने के लिए महागठबंधन में उसकी भागीदारी, महाराष्ट्र की सूबाई सत्ता में बने रहने के लिए महाराष्ट्र विकास अघाड़ी (एमवीए) में कांग्रेस की भागीदारी छोटे भाई के तौर पर अवश्य रही, लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले इंडिया गठबंधन का बड़ा भाई बनकर राजनीतिक सफलता पाने में एक बार फिर वह सफल हुई और 52 से 99 संसदीय सीटों तक पहुंच गई। इसलिए इसको संभाले रखने की उसकी जिम्मेदारी ज्यादा है क्योंकि उसे ज्यादा राजनीतिक लाभ मिला है। लेकिन अरविंद केजरीवाल (आप), अखिलेश यादव (सपा), ममता बनर्जी (टीएमसी), उद्धव भाऊ ठाकरे (शिवसेना यूबीटी), शरद पवार (एनसीपी शरद पवार), तेजस्वी यादव (राजद) जैसे समान राजनीतिक महत्वाकांक्षा वाले राजनेताओं को झेलना राहुल गांधी जैसे कद्दावर और स्पष्टवादी राजनेता के वश की बात भी नहीं है। वहीं, 2022 में यूपी विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने का समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव का फैसला, 2024 के यूपी विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस को कमतर ठहराने का अखिलेश यादव का निर्णय, 2025 में दिल्ली विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने का आप नेता अरविंद केजरीवाल का फैसला, लोकसभा चुनाव 2024 में बिहार में कांग्रेस को कम सीटें देने का राजद नेता तेजस्वी यादव का फैसला कुछ ऐसा अटपटा निर्णय रहा, जो कांग्रेस से ज्यादा उन दलों पर भारी पड़ गया।

## स्वास्थ्य

# गुलाब की पंखुड़ियों से इस तरह पाएं गुलाबी सा निखार



आज वेलेंटाइन वीक की शुरुआत हो चुकी है। हर साल 7 फरवरी से 14 फरवरी तक वैलेंटाइन वीक मनाया जाता है, इसमें हर दिन खास होता है। आज रोड डे पर प्रेमी–प्रेमिका एक–दूसरे को गुलाब देकर रोमांटिक अंदाज में अपने प्यार का इजहार करते हैं। गुलाब न केवल प्रेम और खूबसूरती का प्रतीक है, बल्कि यह त्वचा और बालो के लिए भी बेहद फायदेमंद होता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन ब और हाइड्रेटिंग गुण होते हैं, जो त्वचा को निखारने, झुर्रियां कम करने और बालों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। आइए जानते हैं गुलाब को अपनी ब्यूटी रूटीन में शामिल करने के बेहतरीन तरीके।

गुलाब जल से फेस टोनर बनाएं

गुलाब जल त्वचा को ताजगी और हाइड्रेशन देने का सबसे आसान तरीका है। यह स्किन टोन को सुधारता है, रोमछिद्रों को टाइट करता है और चेहरे पर नेचुरल ग्लो लाता है। रोजाना सुबह और रात कॉटन पैड पर गुलाब जल लगाकर चेहरे पर अप्लाई करें। इसे फेस मिस्ट की तरह स्प्रे भी कर सकते हैं। मेकअप करने से पहले प्राइमर की तरह भी उपयोग कर सकते हैं।

गुलाब का फेस पैक

गुलाब डेड स्किन सेल्स हटाकर चेहरे को साफ और मुलायम बनाता है। यह टैनिंग हटाने और चेहरे पर नैचुरल निखार लाने में मदद करता है। इसके लिए 2 चम्मच गुलाब की पत्तियों का पेस्ट लें। इसमें 1 चम्मच दही और 1 चम्मच शहद मिलाएं। इसे चेहरे पर लगाकर 15–20 मिनट बाद धो लें। इससे स्किन ब्राइट और ग्लोइंग होगी और झाइयों और डलनेस को कम करेगा।

गुलाब का स्क्रब

गुलाब की पत्तियां एक्जफोलिएशन में मदद करती हैं और त्वचा को सॉफ्ट और स्मूथ बनाती हैं। यह ब्लैकहेड्स और व्हाइटहेड्स हटाने में भी फायदेमंद होता है। इसके लिए गुलाब की सूखी पत्तियों को पीसकर उसका पाउडर बना लें। इसमें 1 चम्मच चीनी और 1 चम्मच नारियल तेल मिलाएं। हल्के हाथों से 5 मिनट स्क्रब करें और गुनगुने पानी से धो लें। इसे लगाने से डेड स्किन हटेगी और सॉफ्ट ग्लोइंग स्किन मिलेगी। ऑयली स्किन वालों के लिए यह परफेक्ट स्क्रब है।

गुलाब से बना हेयर मास्क (बालों को मजबूत और शाइनी बनाने के लिए)

गुलाब स्कैल्प को ठंडा रखता है, डैंड्रफ कम करता है और बालों को सिल्की बनाता है। लाब की पत्तियों को पीसकर उसमें एलोवेरा जेल और नारियल तेल मिलाएं। इसे बालों की जड़ों में 30 मिनट के लिए लगाएं और शैंपू कर लें। इसे लगाने से बाल मजबूत होंगे और नैचुरल शाइन आएगी और स्कैल्प हेल्दी रहेगा और डैंड्रफ कम होगा।

# कहीं आप भी तो नहीं करती ज्यादा एलोवेरा जेल का इस्तेमाल?



आजकल चेहरे की सुंदरता को बढ़ाने के लिए लड़कियां कई तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं। इनमें से एक बहुत ही लोकप्रिय प्रोडक्ट है एलोवेरा जेल, जिसे चेहरे पर लगाने से स्किन को ठंडक और आराम मिलता है। हालांकि, कुछ लड़कियां इसका अधिक इस्तेमाल करती हैं, जिससे उनकी त्वचा पर समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। आइए जानते हैं कि एलोवेरा जेल का अत्यधिक उपयोग कैसे आपकी त्वचा को नुकसान पहुंचा सकता है और ब्यूटी एक्सपर्ट इस बारे में क्या कहते हैं।

एलोवेरा जेल के फायदे और नुकसान

एलोवेरा जेल के कई फायदे होते हैं, लेकिन जैसे हर चीज की एक सीमा होती है, वैसे ही एलोवेरा का अधिक उपयोग भी आपकी त्वचा के लिए हानिकारक हो सकता है। ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू माहेश्वरी के मुताबिक, अगर आप एलोवेरा जेल का अधिक इस्तेमाल करती हैं तो इससे आपकी स्किन पर कई तरह की समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

चेहरे पर खुजली और जलन

अगर आप एलोवेरा जेल का अत्यधिक प्रयोग करती हैं, तो इससे आपकी स्किन पर खुजली और जलन की समस्या हो सकती है। साथ ही, कुछ लड़कियों की त्वचा पर एलर्जी भी हो सकती है, जिससे उन्हें और अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

स्किन का काला पड़ना और रूखापन

रेनू माहेश्वरी ने बताया कि एलोवेरा जेल का अधिक उपयोग करने से चेहरे की त्वचा पर बुरा असर पड़ सकता है। इससे चेहरे पर ऑयल बढ़ सकता है, जिससे त्वचा चिपचिपी हो सकती है। इसके अलावा, ज्यादा एलोवेरा जेल लगाने से त्वचा काली पड़ने और रूखी होने की समस्या भी हो सकती है।

कम उम्र में झुर्रियां

यदि आप लगातार ज्यादा एलोवेरा जेल का उपयोग करती हैं, तो इससे कम उम्र में ही झुर्रियां भी दिखने लग सकती हैं। एक्सपर्ट का कहना है कि एलोवेरा जेल का ज्यादा उपयोग करने से चेहरे पर पिंपल्स भी हो सकते हैं, जो ठीक करना मुश्किल हो सकता है।

एलोवेरा जेल का सही तरीके से इस्तेमाल

अगर आप एलोवेरा जेल का उपयोग करती हैं तो यह जरूरी है कि आप इसे सीमित मात्रा में ही इस्तेमाल करें। एक्सपर्ट का सुझाव है कि इससे पहले एक पैच टेस्ट जरूर करें, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह आपकी त्वचा पर सही तरीके से काम कर रहा है। एलोवेरा जेल का कम मात्रा में इस्तेमाल करने से आपकी त्वचा पर कोई नुकसान नहीं होगा और इसके फायदे भी मिलेंगे।

इसलिए, अगर आप अपनी त्वचा को सुंदर और स्वस्थ बनाना चाहती हैं तो एलोवेरा जेल का इस्तेमाल सोच–समझकर और सही मात्रा में करें। ज्यादा उपयोग से होने वाले नुकसान से बचने के लिए हमेशा ब्यूटी एक्सपर्ट की सलाह लें और अपनी स्किन का ख्याल रखें।

# रोज सुबह पी लो ये जूस, बीमारियां रहेंगी दूर और चेहरे पर आएगा निखार



सर्दियों के मौसम में गाजर और चुकंदर का सेवन बहुत लाभदायक माना जाता है। अधिकतर लोग इसे सलाद, सूप या सब्जी के रूप में खाते हैं, लेकिन गाजर और चुकंदर का जूस पीना भी सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होता है। यह जूस पोषक तत्वों से भरपूर होता है और कई बीमारियों से बचाव करने में सहायक होता है। लेकिन इसका सेवन सही समय और सही तरीके से करना जरूरी है। आइए जानते हैं कि इसे कब और कैसे पीना चाहिए और इसके क्या–क्या फायदे हैं।

गाजर और चुकंदर का जूस पीने के फायदे

इम्यूनिटी को बढ़ाए

गाजर और चुकंदर के जूस में विटामिन–सी और एंटीऑक्सीडेंट प्रचुर मात्रा में होते हैं, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। इसका नियमित सेवन सर्दी–खांसी और अन्य संक्रमण से बचाने में सहायक हो सकता है।

पाचन तंत्र को करे मजबूत

इस जूस में भरपूर मात्रा में फाइबर मौजूद होता है, जो पाचन तंत्र को दुरुस्त रखने में मदद करता है। यह कब्ज, गैस और अपच जैसी समस्याओं को कम करने में सहायक हो सकता है।

वजन घटाने में मददगार

अगर आप वजन घटाना चाहते हैं तो गाजर और चुकंदर का जूस आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। इसमें फाइबर की मात्रा अधिक होती है, जिससे पेट अधिक समय तक भरा रहता है और भूख कम लगती है।

हृदय को रखे स्वस्थ

यह जूस दिल की सेहत के लिए भी लाभदायक है। इसमें मौजूद नाइट्रेट्स ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मदद करते हैं और हृदय संबंधी बीमारियों के खतरे को कम कर सकते हैं।

शरीर को करे डिटॉक्स


गाजर और चुकंदर का जूस शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करता है। यह विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालकर लिवर की कार्यक्षमता को बेहतर बनाता है।

वैसे तो इस जूस को दिन के किसी भी समय पिया जा सकता है, लेकिन सुबह खाली पेट इसका सेवन करने से अधिक लाभ मिलता है। सुबह इसका सेवन करने से शरीर को तुरंत पोषण मिलता है और यह दिनभर ऊर्जा बनाए रखने में सहायक होता है।

गाजर और चुकंदर का जूस कितने दिन तक पीना चाहिए?

अगर आप पूरी तरह स्वस्थ हैं । ?तो इस जूस का सेवन रोजाना किया जा सकता है। लेकिन यदि आपको डायबिटीज, किडनी की समस्या या कोई अन्य स्वास्थ्य संबंधी परेशानी है।

# उप्र के वार्षिक बजट से अपेक्षाएंउप्र को उत्तम ही नहीं सर्वोत्तम प्रदेश बनाया जा सकता है!



दैनिक देश की उपासना

धनन्जय विश्वकर्मा,

जौनपुर। विलेज सेंट्रिक विकासोन्मुखी लोक कल्याणकारी बजट हो! विलेज सेंट्रिक डेवलपमेंट ओरिएंटेड स्ट्रैटजिक (टवै) मॉडल के प्रणेता गांधीवादी अर्थशास्त्री प्रोफेसर (डॉ.) विक्रमदेव आचार्य (पूर्व अधिष्ठातारू प्रबंध एवं वाणिज्य संकाय तथा विभागाध्यक्षरू व्यावसायिक अर्थशास्त्र, पूर्वांचल विश्वविद्यालय) के साथ विस्तृत वार्ता करके सरकार बजट को अपेक्षित (जनोन्मुखी, ग्रामोन्मुखी एवं विकासोन्मुखी) स्वरूप देकर उप्र को उत्तम ही नहीं बल्कि सर्वोत्तम प्रदेश बनाया जा सकता

है! ब्लॉक एवं ग्राम स्तर क्लस्टर बनाकर अन्न, फल एवं सब्जियों तथा देशी गायों के गोबर गोमूत्र के प्रसंस्करण को प्रभावी ढंग से विकास का आधार बनाने हेतु इन्फ्रास्ट्रक्चरल डेवलपमेंट की सख्त जरूरत है! इससे ग्राम स्वरोजगार एवं ग्रामीण विकास सहित गोरक्षा के क्षेत्र युगांतकारी कार्य होगा! मुख्य मंत्री योगी जी गोरक्षपीठाधीश्वर भी हैं लेकिन अभी तक १०: भी गोचर, झील, जंगल, नदी आदि भू माफियाओं के कब्जों से मुक्त नहीं हुए! निष्क्रिय एंटी भू माफिया टास्क फोर्स को ऐक्टिव करके समयबद्ध तरीके से सारे अवैध कब्जे हटाने का काम हो! इसकी ईमानदार छवि के सामाजिक कार्यकर्ताओं से सोशल ऑडिट हो! ड्रिप इरिगेशन, खेतों में बाड़ लगाने एवं मेडबंदी में सरकार सहयोग करे! धार्मिक आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि को भी अर्थशास्त्र से जोड़ने की आवश्यकता है!

प्रो. (डा) विक्रम देव आचार्य

पूर्व अधिष्ठातारू प्रबंध एवं वाणिज्य संकाय

विभागाध्यक्ष, व्यावसायिक अर्थशास्त्र

पूर्वांचल विश्वविद्यालय

यमदग्निपुरम (जौनपुर)

# हमारा आंगन- हमारे बच्चे उत्सव आयोजित निपुण बच्चे हुए सम्मानित

## समेकित शिक्षा के तहत 161 दिव्यांग बच्चों को उपकरण वितरित किया गया

तहसील संवाददाता प्रवीन कुमार अस्थाना

जौनपुर/खेतासराय में बेसिक शिक्षा विभाग ब्लाक शाहगंज द्वारा ब्लॉक संसाधन केंद्र शाहगंज में मंगलवार को हमारा आंगन हमारे बच्चे थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य परिषदीय स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में दी जा रही शैक्षिक सुविधाओं और बच्चों के शैक्षिक स्तर को ऊंचा उठाने के लिए बाल वाटिका के सृजन और उसकी उपयोगिता रहा। इस दौरान समेकित शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चों की शिक्षा सुगम बनाने के लिए दिव्यांग बच्चों को उपकरण वितरित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक शाहगंज श्री रमेश सिंह व विशिष्ट अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल व उप जिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया ने सरस्वती जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी बसन्त कुमार शुक्ला ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान प्रा0 वि0 गोरारी, पू0 मा0 वि0 गुरैनी व कस्तूरबा गांधी बालिका वि की बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सभी का मन मोह लिया। 'हमारा आंगन हमारे बच्चे' कार्यक्रम के तहत ब्लॉक के 16 न्याय पंचायतों से चयनित 80 निपुण बच्चों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया तथा 161 दिव्यांग बच्चो को 28 ट्राईसाईकिल, 38 व्हील चेयर, 16 बैसाखी, 2 सीपी चेयर, 12 रोलेटर, 59 एम आर किट, व 46 कान की मशीन वितरित की गई। मुख्य अतिथि मा0 विधायक श्री रमेश सिंह ने बच्चों को देश का भविष्य बताते हुए इस योजना को शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, शिक्षकों और अभिभावकों की संयुक्त जिम्मेदारी पर जोर दिया, जिसमें बच्चों का नियमित नामांकन और उपस्थिति सुनिश्चित



करना शामिल है। उन्होने कहा कि हमारा आंगन, हमारे बच्चे उत्सव और निपुण बच्चों का सम्मान और दिव्यांग बच्चों को उपकरण प्रदान करने से समारोह में शिक्षा के नए आयामों की झलक देखने को मिल रही है। विशिष्ट अतिथि बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी प्रतिभागी बच्चों की सराहना की। उन्होंने बाल वाटिका स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया, ताकि बच्चों को प्राथमिक स्तर की शिक्षा में कोई कठिनाई न हो। आगे उन्होंने बताया कि टीएलएम के प्रयोग से न केवल बच्चों की शिक्षा का स्तर बढ़ेगा, बल्कि वे शिक्षा की मुख्य धारा से भी जुड़ सकेंगे। यह पहल विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को समान शैक्षिक अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उप जिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया ने कहा की बेसिक स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों को आधुनिक शिक्षण साधनों से लैस किया जा रहा है, जो बच्चों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर बालिका शिक्षा विषय पर सुभाष चंद्र यादव, शैक्षिक गतिविधियों पर प्रदेश संगठन मंत्री ए0आर0पी0 सघं प्रशांत मिश्रा, सुजीत सोनकर ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर, अखिलेश यादव ने सामुदायिक शिक्षा पर और जिला सह संयोजक राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ अभिषेक सिंह ने भी सम्बोधित किया। संचालन सै0 मो मुस्तफा व रत्नेश सिंह ने किया। आभार रचना जायसवाल ने किया। इस अवसर पर जिला समन्वयक समेकित शिक्षा शशिधर उपाध्याय, वरिष्ठ सहायक विंध्यवासिनी उपाध्याय, नोडल अशोक वर्मा, अशोक कुमार मौर्य, वीरेन्द्र कुमार, विभिन्न प्राथमिक शिक्षक संघो के पदाधिकारी सहित शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती, छात्र छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

# सदभावना क्लब जौनपुर का 30वाँ स्थापना दिवस समारोह धूम धाम से संपन्न

ब्यूरो प्रमुख

विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। जनपद की सामाजिक एवं रचनात्मक संस्था सदभावना क्लब जौनपुर का 30वाँ स्थापना दिवस नगर के सिपाह स्थित एक होटल में मना जहां पर संस्थाध्यक्ष मोहम्मद रजा खान की अध्यक्षता में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ सर्वप्रथम ईश वंदना श्रीमती आदर्श वर्मा द्वारा हुई। तत्पश्चात पूर्व अध्यक्ष लालजी यादव व वर्तमान अध्यक्ष मोहम्मद रजा खान ने केक काटकर सभी लोगों को स्थापना दिवस की बधाई दी। पूर्व अध्यक्ष डॉ अलमदार नजर ने कहा की विगत कई वर्षो से क्लब गतिशीलता की ओर अग्रसर है पूर्व अध्यक्ष आशीष साहू ने कहा की सभी सदस्यो को क्लब की गतिविधियों में शामिल होना चाहिए, इसी क्रम में पूर्व अध्यक्ष मधुसूदन बैंकर ने संस्था के पिछले 29 वर्षो का जिक्र करते हुए संस्था की उपलब्धियों की चर्चा किया तथा पूर्व अध्यक्ष नरसिंह अवतार



जायसवाल ने संस्था निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर रहने की शुभकामना दिया। पूर्व अध्यक्ष श्रवण साहू ने अपने वक्तव्य मे कहा कि संस्था अपने उद्देश्य में सफलता हासिल करें। निवर्तमान अध्यक्ष हफीज शाह ने सभी को अपनी शुभकामना देते हुए नये संकल्प के साथ क्लब के मजबूती पर बल दिया। पूर्व अध्यक्ष लालजी यादव ने सभी को स्थापना दिवस की बधाई दिया। मोहम्मद रजा खान ने सभी पूर्व अध्यक्षगण को माल्यार्पण कर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर संतोष अग्रहरी,महेन्द्र यादव,सह सचिव हर्ष माहेश्वरी ,विकास अग्रहरी,अतीत मौर्या,सह कोषाध्यक्ष चन्द्रेश मौर्य,रविंद्र यादव, प्रितेश गुप्ता,धीरज गुप्ता, सय्यद फारोग, मोहित मौर्या, विजय अग्रवाल, शोएब कलाम, असगर मेंहदी खान, नागेंद्र यादव, अखिलेश अग्रहरी, रविकांत जायसवाल, आदर्श वर्मा, सोनू कादरी, अमित गुप्ता, राहुल साहू इत्यादि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सचिव विनीत गुप्ता ने किया। अन्त में कोषाध्यक्ष विवेकानंद मौर्या ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# न्यायालय ने दो सिपाहियों व दो अन्य के खिलाफ थाना अध्यक्ष को मुकदमा दर्ज करने का दिया आदेश

ब्यूरो प्रमुख

विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। मड़ियाहूं कोतवाली थाना क्षेत्र में एक सिपाही द्वारा दलित परिवार के साथ की गई ज्यादती का मामला सामने आया है। इस मामले में मंगलवार को अपर सत्र न्यायाधीश स्पेशल जज एससी–एसटी रणजीत कुमार ने सिपाही भास्करानंद सिंह और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है।बदौवा निवासी कमलेश कुमार गौतम ने अधिवक्ता उपेंद्र विक्रम सिंह के माध्यम से कोर्ट में याचिका दायर की। शिकायत के अनुसार, 7 अप्रैल 2024 को दोपहर 1 बजे सिपाही भास्करानंद सिंह दो अन्य लोगों के साथ पीड़ित के घर में घुस गया। आरोपियों ने घर में मौजूद महिलाओं और लड़कियों का वीडियो बनाना शुरू कर दिया। जब परिवार ने इसका विरोध किया, तो सिपाही ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया



और थप्पड़ मारे।इतना ही नहीं, आरोपियों ने घर में रखे रुपये और सामान को लूट लिया और तोड़फोड़ की। पीड़ित परिवार को फर्जी मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की धमकी भी दी गई। पीड़ित ने पुलिस के उच्च अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अंततःपीड़ित ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया तो कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष मड़ियाहूं को प्राथमिकी दर्ज कर जांच करने का आदेश दिया है। उल्लेखनीय है कि आरोपी सिपाही पहले से ही पीड़ित परिवार से रंजिश रखता था। इस मामले में गुरुवार को बात करते हुए पीड़ित पक्ष की वकील उपेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि इस मामले को लेकर काफी दिनों से न्यायालय में मामला विचाराधीन था जिस पर मंगलवार को सुनवायी करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश स्पेशल जज एससी एसटी ने दो सिपाही वह दो अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का थानाध्यक्ष को आदेश देते हुए मुकदमे की कॉपी न्यायालय में प्रस्तुत करने के लिए एक हफ्ते का समय दिया है।

# माघी पूर्णिमा पर कुंभ स्नान करने वाले लोगों को डीएम ने बाटे फल बिस्कुट पानी

ब्यूरो प्रमुख

विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर ,जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने माघी पूर्णिमा के अवसर पर प्रयागराज महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं की सहायता के लिए विशेष पहल की। उन्होंने मछलीशहर बस स्टेशन और मुंगराबादशाहपुर में यात्रियों



को बिस्किट, पेयजल और फल वितरित किए। डीएम ने श्रद्धालुओं से सीधा संवाद किया और उनकी यात्रा के अनुभव तथा महाकुंभ स्नान के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में स्नान करना सौभाग्य की बात है और प्रशासन की ओर से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि जनपद में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो। कार्यक्रम में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सौरभ कुमार और बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। यह पहल श्रद्धालुओं की सुविधा और सहायता के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# प्रधानमंत्रीजी और मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में दिव्यांग जनों के हितार्थ अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं-आर के पटेल



ब्यूरो प्रमुख

विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर । विधायक मडियाहूँ, आर०के० पटेल द्वारा विकास खण्ड–रामनगर के परिसर में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा आयोजित ट्राईसाइकिल एवं अन्य सहायक उपकरण का वितरण, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी दिव्या शुक्ला एवं खण्ड विकास अधिकारी रेनू चौधरी की उपस्थिति में किया गया।इस अवसर पर विधायक द्वारा कुल 68 ट्राईसाइकिल, 07 स्मार्टकेन, 02 हियरिंग एड, 02 व्हीलचेयर, 07 स्मार्टकेन का वितरण किया गया। इस दौरान विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्रीजी और मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में दिव्यांग जनों के हितार्थ अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं और उनको लाभान्वित भी किया जा रहा है। उन्होंने विशेष रूप से दिव्यांग जनों के लिए कोकलियर इंप्लांट योजना, आवास योजना व पेंशन की योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने महान वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिंस के दिव्यांग होते हुए भी सभी बाधाओं को पार करते हुए विज्ञान के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए कार्यों तथा उपलब्धियों का भी उल्लेख किया। दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी दिव्या शुक्ला द्वारा विभागीय योजनाओं के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। खंड विकास अधिकारी रेनू चौधरी द्वारा विकासखंड पर चला दिव्यांग जनों के लिए चलाए जा रहे योजनाओं को बताया। इस अवसर पर दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के कर्मचारियों एवं विकास खण्ड के कर्मचारियों द्वारा पूर्ण सहयोग किया गया। कार्यक्रम का संचालन रत्नेश कुमार सिंह, सहायक विकास अधिकारी सहकारिता द्वारा किया गया।

# श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष यातायात व्यवस्था की गई कही कोई जाम नही

ब्यूरो प्रमुख

विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। प्रयागराज में आयोजित हो रहे महाकुंभ को लेकर प्रशासन ने पूरी तरह से कमर कस ली है। बुधवार को माघी पूर्णिमा के स्नान पर्व को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष यातायात व्यवस्था की गई है। जौनपुर के एएसपीध्सीओ सिटी आयुष श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस बल सहसों से प्रयागराज और प्रयागराज से जौनपुर के मार्ग पर यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित कर रहा है। भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने विशेष रणनीति अपनाई है। वाहनों को एक–एक करके प्रवेश दिया जा रहा है, जिससे ट्रैफिक जाम की स्थिति न बने। यह व्यवस्था श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए की गई है। प्रशासन का मुख्य लक्ष्य है कि महाकुंभ के दौरान किसी भी श्रद्धालु को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।इसी कड़ी में मंगलवार देर रात महाकुम्भ के स्नान



पर्व माघी पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के दृष्टिगत मोहित गुप्ता, पुलिस महानिरीक्षक वाराणसी परिक्षेत्र द्वारा पुलिस अधीक्षक डा0 कौस्तुभ, के साथ सहसों प्रयागराज में पैदल गस्त करते हुए सुरक्षा व्यवस्था व यातायात व्यवस्था को चेक किया गया एवं सम्बन्धित को आवश्यक आदेश–निर्देश दिये गये। विदित हो कि बीते दिनो हुई घटना को लेकर सुरक्षा की दृष्टि से सभी अधिकारी अपने अपने क्षेत्र में पुख्ता इंतजाम किए हैं। मुख्यमंत्री के शक्त आदेश को देखते हुए जिलाधिकारी डॉ दिनेश कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ लगातार बॉर्डर पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में किए हुए है। वही इस संबंध मे बात करते हुए क्षेत्राधिकार शहर आयुष श्रीवास्तव ने बताया कि सहसो से बाईपास तक लगातार दो क्षेत्राधिकार और उनके साथ दो थाना अध्यक्ष लगातार 12 घंटे की ड्यूटी करते हुए यातायात को सुगम बनाने के लिए प्रयासरत हैं बीते तीन दिनों से कहीं भी कोई भी जाम की स्थिति नहीं है

# महाकुंभ से लौट रहे हजारों श्रद्धालुओं ने शीतला चौकियां धाम में किए दर्शन–पूजन

ब्यूरो प्रमुख

विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर प्रयागराज महाकुंभ से लौट रहे हजारों श्रद्धालुओं ने बुधवार को शीतला चौकियां धाम में दर्शन–पूजन किया। मंदिर में सुबह 6 बजे से ही भक्तों की लंबी कतार लगनी शुरू हो गई, जो देर शाम तक जारी रही। वशेष रूप से गोरखपुर, आजमगढ़, गाजीपुर और भदोही से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने महाकुंभ स्नान के पश्चात मां के दरबार में नारियल और चुनरी अर्पित की। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने विशेष व्यवस्था की। शीतला चौकियां धाम के महंत विनय त्रिपाठी ने बताया कि महाकुंभ स्नान करने के बाद बड़ी



संख्या में श्रद्धालु मां के दर्शन के लिए धाम पहुंच रहे हैं। यह प्रवाह लगातार बना हुआ है और श्रद्धालुओं की आस्था में कोई कमी नहीं दिख रही है। मंदिर प्रशासन श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पूरी तरह से तत्पर है।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य 13 फरवरी को अयोध्या



(डॉ अजय तिवारी जिला संवाददाता)

अयोध्या।उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्य ऋतु शाही का जनपद अयोध्या में भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है।वे 13 फरवरी 2025 को प्रातः 11 से जनसुनवाई सर्किट हाउस में करेंगी।उसके बाद उनके द्वारा महिला बंदीगृहों, बालिकाध्महिला गृहों व आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण किया जाना है। जिला प्रोबेशन अधिकारी अश्वनी कुमार तिवारी ने जनपद की समस्त महिलाओंध बालिकाओं से अपील किया कि महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने हेतु किसी भी शिकायत, समस्या के समाधान हेतु 13 फरवरी 2025 को 11 बजे सर्किट हाउस अयोध्या में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की मा0 सदस्य श्रीमती ऋतु शाही के समक्ष अपनी शिकायत रखने का कष्ट करें, जिस पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए त्वरित समाधान किया जाएगा।

# टूरिस्ट बस पर बच्चों ने किया पथराव,माँ बेटे हुए घायल,पुलिस मौके पर




ब्यूरो प्रमुख

विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। जलालपुर थाना क्षेत्र के बाकराबाद बीआरसी के पास बुधवार की दोपहर को कुछ बदमाश बच्चों ने टूरिस्ट बस पर पथराव कर दिया।बस में सवार एक महिला (38)तथा उसका पुत्र घायल हो गया।घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। और जॉच पड़ताल में जुटी है।

अमरोहा जनपद के 23 तीर्थ यात्रियों की बस कुम्भ स्नान करने के बाद काशीविश्वनाथ दर्शन करके अयोध्या धाम श्री रामलला के दर्शन पूजन के लिए जा रही थी।बस जब ऊक्त स्कूल के सामने पहुंची तभी वहां मौजूद चार पांच की संख्या मे बच्चों ने बस पर पथराव कर दिया।सभी बच्चों की उम्र 10 वर्ष के आसपास बतायी जा रही है।पत्थर लगने से बस के खिड़की का शीशा टूट गया।खिड़की के पास बैठी कुसुम देवी पत्नी राजू के कान पर पत्थर लगा गया।उनके कान से खून निकलने लगा।तथा उनका पुत्र कृष्णा के कंधे में पत्थर लग गया।वह भी घायल होकर चीखने लगा।पथराव के बाद चालक ने बस को रोक दिया।घटना सूचना पर 112 पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच कर ऊक्त बच्चों को खोजने में लग गयी। वहीं घायलों का इलाज प्राथमिक उपचार कराया गया है।अन्य लोग सुरक्षित हैं।

# उपज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पत्रकार राजन मिश्रा के दादा का निधन

उपज ने शोकसभा कर दी श्रद्धांजलि

जौनपुर। उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट्स ऑफ एसोसिएशन (उपज) के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पत्रकार राजन मिश्रा के दादा बाबूराम मिश्रा का मंगलवार की सुबह उनके पैतृक आवास कुछमुछ गांव में निधन हो गया। सूचना मिलते ही शोक संवेदना प्रकट करने वालों का आवास पर तांता लगा रहा। दोपहर करीब 2 बजे रामघाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर जिले के विभिन्न संगठन, सामाजिक कार्यकर्ता, राजनेता व पत्रकार मौजूद रहे और अपनी शोक संवेदना प्रकट करने के लिए मृतक आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार राजेश श्रीवास्तव, दीपक श्रीवास्तव हिम्मत बहादुर सिंह, सुशील तिवारी, राज सैनी, विद्याधर विद्यार्थी मसूद अहमद कुँवर नितीश सहित अन्य लोग मौजूद रहे। वहीं शाम को उपज के जिलाध्यक्ष सै. हसनैन कमर दीपू की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय पर शोकसभा आयोजित कर मृतक आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। सभी ने राजन मिश्रा को सांत्वना देते हुए दुख की इस घड़ी में उनके साथ रहने की बात कही। इस मौके पर मो. अब्बास, अमित गुप्ता, आमिर अब्बास, अंकित जायसवाल, कृष्णा सिंह, अजादार हुसैन, अखिलेश श्रीवास्तव, मो. उस्मान, साकिर जैदी, नायब हसन सोनू, अबुल खैर, इजहार हुसैन, शारिक खान सहित अन्य लोग मौजूद रहे। संचालन महामंत्री राहुल प्रजापति ने किया।

# जिला सहकारी बैंक उत्तर प्रदेश का चुनाव संपन्न हुआ



मृत्युंजय प्रताप सिंह

लखनऊ। समस्त सभापति जिला सहकारी बैंक उत्तर प्रदेश की एक बैठक दिनांक 12 फरवरी 2025 को प्रातः 11रू30 बजे स्थान अवध जिमखाना क्लब लखनऊ में जितेन्द्र बहादुर सिंह सभापति उत्तर प्रदेश स्टेट कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड लखनऊ की अध्यक्षता में संपन्न हुई उक्त बैठक में प्रदेश के समस्त जिला सहकारी बैंकों के सभापतियों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिला सहकारी बैंक लखनऊ के सभापति वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने आए सभी सभापति गण का पुष्प गुच्छ व अंग वस्त्र भेंट कर सम्मान किया। बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश जिला सहकारी बैंक संघ के अध्यक्ष पद हेतु वीरेंद्र प्रताप सिंह सभापति जिला सहकारी बैंक लिमिटेड लखनऊ के नाम पर निरंजन धनगर सभापति जिला सहकारी बैंक लिमिटेड मथुरा ने नाम का प्रस्ताव किया, जिसका अनुमोदन एसडी सिंह परिहार अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक लिमिटेड कानपुर एवं डी पी एस राठौर अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक लिमिटेड शाहजहांपुर सहित उपस्थित सभी जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष ने ताली बजाकर ध्वनिमत से पारित किया गया। इस प्रकार वीरेंद्र प्रताप सिंह सभापति जिला सहकारी बैंक लिमिटेड लखनऊ को उत्तर प्रदेश के जिला सहकारी बैंक का अध्यक्ष संघ का प्रदेश अध्यक्ष चुना गया और जेके सक्सेना जिला सहकारी बैंक लिमिटेड बदायूं को महासचिव चुना गया। बैठक के दौरान नवनिर्वाचित उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह एवं महामंत्री जे के सक्सेना ने उत्तर प्रदेश से आए सभी सभापति एवं उत्तर प्रदेश स्टेट कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड लखनऊ के सभापति जितेंद्र बहादुर सिंह का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर अरुण सिंह उन्नाव, विष्णु कुमार मौर्य सीतापुर, विवेक विक्रम सिंह रायबरेली, विनीत मनार लखीमपुर खीरी, अशोक कुमार सिंह हरदोई, योगेंद्र प्रताप सिंह सुल्तानपुर, जितेंद्र कुमार त्रिपाठी बहराइच, जगदीश प्रसाद सिंह मिर्जापुर, विक्रम सिंह सिद्धार्थ नगर, शिवमोहन मौर्य कौशांबी, जयदेव पुरोहित झांसी, चक्रपाणि त्रिपाठी महोबा, निरंजन सिंह धनगर मथुरा, प्रत्येंद्र पाल सिंह एटा, विमल कुमार शर्मा मेरठ, जितेंद्र कुमार सक्सेना बदायूं, धर्मेंद्र प्रताप सिंह राठौर शाहजहांपुर उपस्थित रहे। इसके उपरांत समस्त सभापति जिला सहकारी बैंक उत्तर प्रदेश द्वारा सहकारिता मंत्री जे पी एस राठौर के कुशल नेतृत्व में उनके आवास गौतम पल्ली पर दोपहर 2रू30 बजे मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव 2025 में मिली अभूतपूर्व जीत एवं सहकारिता उत्तर प्रदेश को देश में सर्वोच्च पहचान दिलाने व सांगठनिक कौशल से भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश को असंभव से लक्ष्य को संभव करने हेतु बधाई शुभकामना एवं अभिनंदन किया गया।

# लखनऊ के आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के श्रेयस लोहिया बने यूपी स्टेट टॉपर

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। परीक्षा तैयारी सेवाओं में अग्रणी देश के प्रमुख संस्थान, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एएईएसएल) ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) मेन्स 2025 (सत्र 1) में एक शानदार सफलता की घोषणा की है। लखनऊ के श्रेयस लोहिया ने जेईई मेन्स 2025 के पहले सत्र में 100 पर्सेंटाइल हासिल कर राज्य में टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया। अथर्व गुप्ता (99.95 पर्सेंटाइल), आयुष सिंह यादव (99.92 पर्सेंटाइल), ऋषभ पटेल (99.88 पर्सेंटाइल), शौर्य गुप्ता (99.82 पर्सेंटाइल) सहित लखनऊ के 30 अन्य छात्रों ने जेईई मेन्स 2025 के पहले सत्र में 99 पर्सेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। यह परिणाम भारत की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक में छात्रों की कठिन मेहनत और शैक्षणिक उत्कृष्टता को दर्शाता है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने आज इन परिणामों की घोषणा की, जो इस वर्ष के दो निर्धारित जेईई सत्रों की शुरुआत का पहला एग्जाम रिजल्ट है। छात्रों को उनकी इस सफलता के लिए आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के रीजनल डायरेक्टर डीके मिश्रा ने बधाई दी। उन्होंने कहा, "जेईई मेन्स 2025 में हमारे छात्रों की शानदार सफलता पर हमें गर्व है। उनकी कठिन मेहनत और समर्पण के साथ–साथ आकाश की गुणवत्तापूर्ण कोचिंग ने इन बेहतरीन परिणामों को संभव बनाया है। हम आकाश में हमेशा ऐसे पाठ्यक्रमों पर जोर देते हैं जो छात्रों को उनकी पूरी क्षमता तक पहुँचने में मदद करें। हम सभी सफल छात्रों को बधाई देते हैं और उनके भविष्य के अगले चरण के लिए उन्हें ढेर सारी शुभकामनाएँ देते हैं।" जेईई (मेन) को दो सत्रों में आयोजित किया जाता है, जिससे छात्रों को अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने के कई मौके मिलते हैं। जेईई एडवांस्ड विशेष रूप से भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) में प्रवेश का द्वार है, जबकि जेईई मेन्स भारत के विभिन्न राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (एनआईटी) और अन्य केंद्रीय सहायता प्राप्त इंजीनियरिंग कॉलेजों के लिए प्रवेश परीक्षा के रूप में कार्य करता है। जेईई एडवांस्ड में भाग लेने के लिए जेईई मेन्स में उपस्थित होना आवश्यक है। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड को मेडिकल (नीट) और इंजीनियरिंग (जेईई) प्रवेश परीक्षाओं के अलावा, एनटीएसई और ओलंपियाड जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में छात्रों को बेहतरीन परिणाम दिलाने के लिए जाना जाता है। संस्थान उच्च गुणवत्ता वाली परीक्षा तैयारी सेवाएँ प्रदान करने के लिए समर्पित है, जो छात्रों को उनकी पूरी क्षमता का एहसास कराती हैं और शैक्षिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करती हैं।



## राम मंदिर अयोध्या धाम के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास की मृत्यु पर सीएम ने जताया शोक

(डॉ अजय तिवारी जिला संवाददाता)

अयोध्या। श्री राम मंदिर अयोध्या धाम के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र कुमार दास महाराज के निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक व्यक्त करते हुए कहा अत्यंत दुःखद एवं आध्यात्मिक जगत की अपूरणीय क्षति है।ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें।मुख्यमंत्री के निर्देश पर उनके प्रतिनिधि खाद्य एवं रसद मंत्री सतीश शर्मा ने बुधवार को



राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य अर्चक आचार्य सत्येंद्र दास जी महाराज के पार्थिव शरीर का दर्शन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया।उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ एवं उ0 प्र0 सरकार ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। विनम्र श्रद्धांजलि के साथ प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दे तथा शोक संतप्त शिष्यों एवं अनुयायियों को यह अथाह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नय्यर ने भी पूज्य आत्मा के श्री चरणों मे श्रद्धांजलि अर्पित की।इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव सिंह सहित अन्य पूज्य संत व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## खालसा ई-व्हीकल्स ने लखनऊ में अपना पहला रिटेल आउटलेट शुरू किया, राज्य में अपनी उपस्थिति बढ़ाई

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। भारत की अग्रणी वाणिज्यिक इलेक्ट्रिक–वाहन विनिर्माता कंपनी खालसा ई–व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड ने लखनऊ में अपने पहले रिटेल आउटलेट के भव्य उद्घाटन की घोषणा की। आउटलेट के उद्घाटन के अवसर पर खालसा ई–व्हीकल्स के ब्रांड एंबेसडर किकू शारदा ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को और भी खास बना दिया। यह नया आउटलेट खालसा ई–व्हीकल्स की देश भर में पर्यावरण अनुकूल समाधान को आगे बढ़ाने की निरंतर प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण कदम है। पर्यावरण के अनुकूल परिवहन की सुलभता को बढ़ाकर, कंपनी का लक्ष्य लखनऊ में ग्राहकों को अधिक सुविधा और विकल्प प्रदान करना है। यह नया आउटलेट भारत भर में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए जाने–माने ब्रांड बनने की खालसा ई–व्हीकल्स की महत्वाकांक्षा को पुष्ट करता है। यह एक ऐसा विजन है जो पहले से ही 18 राज्यों, 250 से अधिक डीलरों, कंपनी के स्वामित्व वाली कंपनी संचालित (ब्ब्) 25 आउटलेट्स और देश भर में रणनीतिक रूप से स्थित सात गोदामों में उपस्थिति के साथ साकार हो रहा है। भारतीय हास्य अभिनेता किकू शारदा ने अपनी खुशी साझा करते हुए कहा, ष्आज लखनऊ में खालसा ई–व्हीकल्स के पहले आउटलेट के शुभारंभ का गवाह बनना वाकई सम्मान की बात है। मैंने हमेशा पर्यावरण अनुकूल इनोवेशन की शक्ति में विश्वास किया है और खालसा ईवी इसमें सबसे आगे है। पर्यावरण



के अनुकूल परिवहन समाधान प्रदान करने के लिए कंपनी का समर्पण प्रेरणादायक है और मुझे उम्मीद है कि यह नया आउटलेट कई और व्यक्तियों और व्यवसायों को स्वच्छ भविष्य के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने में मदद करेगा। भारत में इलेक्ट्रिक परिवहन के भविष्य को आगे बढ़ाने में उनके अविश्वसनीय काम के लिए शिवम नारंग और सत्यम नारंग को बधाई!ष खालसा ई–व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक शिवम नारंग ने कहा, ष्आज हमारे लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है क्योंकि हम लखनऊ के जीवंत शहर में अपनी पहुंच बढ़ा रहे हैं। हमारा उद्देश्य हमेशा से इलेक्ट्रिक वाहनों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना रहा है, और यह नया आउटलेट उस लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में एक और कदम है। अपने वाहनों को ष्।ज और छ।ज्।ग प्रमाणपत्र प्राप्त होने के साथ, हम यह सुनिश्चित करते हुए गुणवत्ता, विश्वसनीयता और स्थिरता प्रदान करना जारी रखे हुए हैं, कि हमारे ग्राहकों को उनकी परिवहन आवश्यकताओं के लिए सर्वोत्तम समाधान मिले।ष खालसा ई–व्हीकल्स के लखनऊ में वितरक अंकित जैन ने कहा, ष्लखनऊ में खालसा ईवी के लिए विशेष वितरक बनकर रोमांचित हूं। यह लॉन्च सिर्फ एक रिटेल आउटलेट खोलने के बारे में नहीं हैय यह एक हरित और अधिक पर्यावरण अनुकूल भविष्य की दिशा में बदलाव लाने के बारे में है। खालसा ईवी इनोवेशन, दक्षता और सामर्थ्य का प्रतीक है, जो इलेक्ट्रिक परिवहन को सभी के लिए सुलभ बनाता है। ईंधन की बढ़ती लागत और बढ़ती पर्यावरणीय चिंताओं के साथ, इलेक्ट्रिक वाहन ही भविष्य हैं, और मुझे लखनऊ में यह क्रांति लाने पर गर्व है। खालसा ई–व्हीकल्स ने पिछले कुछ वर्षों में प्रभावशाली वृद्धि का अनुभव किया है, जो उच्च प्रदर्शन वाले, टिकाऊ वाहन प्रदान करने पर इसके फोकस से प्रेरित है। शहरी यात्रियों, गिग इकॉनमी वर्कर्स और छोटे व्यवसायों पर अपने फोकस के साथ, कंपनी पारंपरिक वाहनों के लिए एक किफायती और पर्यावरण के अनुकूल विकल्प प्रदान करती है।

## ट्रेनों में सीटों की मारामारी, बोगियों में घुसने के लिए हुई धक्कामुक्कीय दूसरी तरफ से चढ़ रहे हैं लोग

लखनऊ, (संवाददता)। महाकुंभ जाने वाले यात्रियों की भीड़ का सोमवार को चारबाग रेलवे स्टेशन पर यह आलम रहा कि ट्रेन के आते ही भीड़ टूट पड़ती। यात्री त्रिवेणी से लेकर गंगा गोमती व इंटरसिटी तक की बोगियों में घुसने की जद्दोजहद करते नजर आए। जीआरपी व आरपीएफ व्यवस्थाओं को बनाए रखने में विफल साबित हुए। दरअसल, महाकुंभ में स्नान के लिए लखनऊ से बड़ी संख्या में श्रद्घालु जा रहे हैं। रेगुलर ट्रेनों में सीटें फुल हैं तथा स्पेशल में भी जगह नहीं मिल रही। ऐसे में यात्री ट्रेनों की जनरल बोगी से लेकर एसी बोगियों तक में किसी भी प्रकार प्रवेश कर यात्रा करना चाहते हैं। सोमवार को प्रयागराज जाने वाली 15074 त्रिवेणी एक्सप्रेस करीब दो घंटे की देरी से चारबाग पहुंची। ट्रेन के पहुंचते ही बोगी में घुसने के लिए धक्कामुक्की शुरू हो गई। जीआरपी जवान मौके पर नहीं होने से दिक्कतें और बढ़ गईं। कई यात्री ऐसे रहे, जिन्हें बोगी में प्रवेश नहीं मिला तो वे बसों से महाकुंभ के लिए गए। इसी क्रम में शाम में रवाना होने वाली गंगा गोमती एक्सप्रेस में भी यात्रियों की भीड़ रही। तय क्षमता से अधिक मुसाफिर बोगियों में भरे नजर आए। जीआरपी व आरपीएफ की लापरवाही के चलते यात्रियों की दिक्कतें और भी बढ़ गईं। आलमनगर की सुषमा अपनी बेटियों के साथ चारबाग स्टेशन पहुंची थीं। उन्हें गंगा गोमती एक्सप्रेस से प्रयागराज जाना था। वह महिला बोगी में घुसीं तो उन्हें जगह नहीं मिली। नाराज होकर वह बेटियों संग उतर आईं। बोगी पर पुरुषों ने कब्जा कर रखा था। हद तो यह है कि आरपीएफ व जीआरपी जवान बोगी खाली कराने तक की जहमत नहीं उठा रहे हैं। कमोबेश यही स्थित ट्रेनों के लगेजयान में भी देखने को मिली। यात्री जैसे–तैसे लगेजयान में घुसकर प्रयागराज जाने की कश्मकश करते दिखे। एसी बोगियों में यात्रा करने वाले मुसाफिरों को भी असुविधाएं हुईं। रिजर्वेशन कराकर सफर करने वाले यात्रियों ने आरपीएफ से बोगी खाली करवाने की गुहार लगाते रहे, लेकिन उन्हें मदद नहीं मिली। ट्रेनों की एसी बोगियों को जनरल सरीखा बनाकर रख दिया।

## दुर्घटनाओं से बचाएंगे साइनेज बोर्ड

लखनऊ, (संवाददता)। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए लोक निर्माण विभाग 70 जगहों पर साइनेज बोर्ड लगाएगा। इनमें अन्य तरह के संकेत भी होंगे, जो वाहन चालकों के सफर को आसान बनाएंगे। अधिशासी अभियंता सत्येंद्र नाथ ने बताया कि मल्हौर स्टेशन से लौलाई फुट प्लाजा के बीच, बिजनौर से सिसेंडी मार्ग वाया मोहनलालगंज, अमौसी स्टेशन से मोहान मार्ग, गोसाईगंज–बनी–मोहनलालगंज से हरौनी तक बोर्ड लगाए जाएंगे।

## एसडी मेमोरियल प्ले वे स्कूल के प्रिंसिपल कौशल किशोर सिन्हा सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में बने आब्जर्वर

अयोध्या।विकास खंड तारुन के जाना बाजार स्थित एसडी मेमोरियल प्ले वे स्कूल के प्रिंसिपल कौशल किशोर सिन्हा को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आगामी बोर्ड परीक्षा के लिए आब्जर्वर नियुक्त किया गया है।उनकी



नियुक्ति पर विद्यालय परिवार, छात्र–छात्राओं एवं क्षेत्र के शिक्षाविदों में हर्ष की लहर है।इस संबंध मे कौशल कुमार सिन्हा ने बताया वे परीक्षा को निष्पक्ष रुप से कारण उनकी प्रथम प्राथमिकता है।बताते चले की पहली बार इस विद्यालय से किसी प्रधानाचार्य को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आब्जर्वर बनाया गया है। जिसके चलते स्कूल के प्रबंधक रमेश चंद्र श्रीवास्तव,आशीष श्रीवास्तव,सत्य प्रकाश श्रीवास्तव यादव सहित अन्य शिक्षकों ने उन्हें बधाई दिया है। वही बोर्ड प्रभारी अजीत द्विवेदी ने बताया कि जिले में इस बोर्ड की परीक्षा को शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए कुल 13 केंद्र बनाए गए हैं जहां पर 13 आब्जर्वरो की नियुक्ति हुई है।

## माघ पूर्णिमा संत श्रीपाल की पुण्यतिथि पर विशेष

हरदोई(अंबरीष कुमार सक्सेना) संत श्रीपाल ने अपने विलक्षण व्यक्तित्व और कृतित्व से सम्पूर्ण समाज को ध्यान और भजन से जोड़ा। संत श्रीपाल (1942–2021) धर्म अध्यात्म के चिन्तक तथा शिव सत्संग मण्डल आश्रम के संस्थापक थे। साधकों एवं सत्संगी जनों ने बताया कि 30 जून 1942 को उनका जन्म ग्राम हड़हा मलिकापुर में हुआ था। उनके बचपन का नाम श सेठ श था। आरंभ से ही धर्म अध्यात्म में रुचि होने के कारण, उन्होंने वेदों, शास्त्रों और उपनिषदों के प्रचार के लिए उत्तर प्रदेश के जनपद हरदोई के राजस्व ग्राम हुसेनापुर धौकल में सन 1993 में शिव सत्संग मण्डल आश्रम की स्थापना की। उनका प्रभाव हम इक्कीसवीं सदी में भी महसूस कर रहे हैं और उनसे प्रेरणा पाकर उन सामाजिक कुरीतियों, धार्मिक, अंधविश्वासों से लोहा ले रहे हैं जो दीमक बनकर समाज व धर्म को भीतर ही भीतर खोखला कर रहे हैं। सामाजिक, धार्मिक, शैक्षिक, आर्थिक, राजनीतिक, दार्शनिक और आध्यात्मिक जगत की व्याधियों, दुर्बलताओं और त्रुटियों का अध्ययन उन्होंने किया। संत श्रीपाल का चिंतन मूलतरू वेद,उपनिषद एवं शास्त्रों पर आधारित था, जो अपने उद्भव काल से ही चिरंतन और शाश्वत समझे जाते रहे हैं। जीवन के सत्य, सत्संग,सुमिरन व परमात्मा को पाने के लक्ष्य को संत एवं सत्संग परंपरा से ही पाया जा सकता है।संत श्रीपाल का जीवन दर्शन हर मानव को दिशा–बोध प्रदान करता रहेगा और वह प्रासंगिक बने रहेंगे।यह ठीक है कि समकालीन समस्याओं से भी उन्हें संघर्ष करना पड़ा।

## अब तक 45 करोड़ लोगों ने किया स्नान, माघ पूर्णिमा और शिवरात्रि पर टूट सकते हैं पिछले रिकॉर्ड

लखनऊ, (संवाददता)। मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत–प्रोत साधु–संतों, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों का स्नान अब उस शिखर पर पहुंच गया है, जिसकी महाकुंभ से पहले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उम्मीद जताई थी। सीएम योगी ने पहले ही अनुमान जताया था कि इस बार जो भव्य और दिव्य महाकुंभ का आयोजन हो रहा है वह स्नानार्थियों की संख्या का नया रिकॉर्ड स्थापित करेगा। उन्होंने शुरुआत में ही 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना जताई थी। उनका यह आंकलन महाकुंभ के समापन से 15 दिन पहले ही सच साबित हो गया। मंगलवार की सुबह 8 बजे ही महाकुम्भ में 45 करोड़ स्नानार्थियों की संख्या पार हो गई। मंगलवार को सुबह 8 बजे तक करीब 50 लाख श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाई, जिसके साथ ही महाकुम्भ में स्नानार्थियों की संख्या 45 करोड़ पार हो गई। अभी महाकुम्भ को 15 दिन और दो महत्वपूर्ण स्नान पर्व शेष हैं और पूरी उम्मीद है कि स्नानार्थियों की संख्या 50–55 करोड़ के ऊपर जा सकती है। प्रयागराज में तीनों अमृत स्नान (मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या और बसंत पंचमी) के बाद भी श्रद्धालुओंध्स्नानार्थियों के जोश और उत्साह में कोई कमी नहीं दिख रही है। पूरे देश और दुनिया के अलग–अलग हिस्सों से पवित्र त्रिवेणी में श्रद्धा और आस्था के साथ डुबकी लगाकर पुण्य प्राप्त करने के लिए श्रद्धालु प्रतिदिन लाखों, करोड़ों की संख्या में प्रयागराज पहुंच रहे हैं। बसंत पंचमी के अंतिम अमृत स्नान पर्व के बाद भी श्रद्धा का जबरदस्त उत्साह लोगों को संगम तट तक खींच कर ला रहा है। मंगलवार, 11 फरवरी को सुबह आठ बजे तक 49.68 लाख लोगों ने त्रिवेणी में स्नान किया। इसके बाद कुल स्नानार्थियों की संख्या 45 करोड़ के ऊपर पहुंच गई है। स्नानार्थियों में 10 लाख कल्पवासियों के साथ–साथ देश–विदेश से आए श्रद्धालु एवं साधु–संत शामिल रहे। यदि अब तक के कुल स्नानार्थियों की संख्या का विश्लेषण करें तो सर्वाधिक 8 करोड़ श्रद्धालुओं ने मौनी अमावस्या पर स्नान किया था, जबकि 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति के अवसर पर अमृत स्नान किया था। एक फरवरी और 30 जनवरी को 2–2 करोड़ के पार और पौष पूर्णिमा पर 1.7 करोड़ श्रद्धालुओं ने पुण्य डुबकी लगाई, इसके अलावा बसंत पंचमी पर 2.57 करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई थी। माघ पूर्णिमा से पहले भी प्रतिदिन एक करोड़ से अधिक श्रद्धालु संगम तट पर पवित्र स्नान के लिए पहुंच रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाई थी, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ (मंत्रिमंडल समेत) भी संगम में डुबकी लगा चुके हैं। इसके अलावा प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल, हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी, मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, अर्जुन राम मेघवाल, श्रीपद नाइक, बीजेपी सांसद सुधांशु त्रिवेदी, राज्य सभा सांसद सुधा मूर्ति, असम विधानसभा अध्यक्ष बिस्वजीत दैमारी, सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, प्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता माता प्रसाद पांडे, संगम में स्नान कर चुके हैं।

## इंडियन बैंक की चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डा के टर्मिनल 3 में नवनिर्मित लखनऊ हवाई अड्डा शाखा का उद्घाटन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। इंडियन बैंक के नए प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी बिनोद कुमार, जिन्होंने जनवरी 2025 में बैंक का कार्यभार संभाला है, ने अपने पहले लखनऊ आगमन पर 9 फरवरी को इंडियन बैंक की चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डा के टर्मिनल 3 में नवनिर्मित लखनऊ हवाई अड्डा शाखा का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक लखनऊ सुधीर कुमार गुप्ता, उप महाप्रबंधक श्याम शंकर, लखनऊ अंचल के उप महाप्रबंधक प्राणेश कुमार एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बिनोद कुमार जी ने 10 फरवरी को इंडियन बैंक की लखनऊ मुख्य शाखा के परिसर में बैंक के अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए मेड ट्रांजिट गेस्ट हाउस एवं उस परिसर में एक ए.टी.एम. का भी उद्घाटन किया। तत्पश्चात उन्होंने समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को भी संबोधित किया।

## इंफर्टिनिटी और स्त्री रोग की नवीनतम टेक्नोलॉजी लाएं हैं – प्रशांत मेहरोत्रा

मृत्युंजय प्रताप सिंह

लखनऊ। इंडियन सोसाइटी फॉर असिस्टेड रिप्रोडक्शन की 29वीं कॉन्फ्रेंस में आई बोर्थ और हैगर कम्पनी के प्रशांत मेहरोत्रा ने बताया कि इस प्रदर्शनी में अमेरिका ने आई तकनीकी को हम लेकर आए हैं। यहां ऐसी मशीनों का डिस्प्ले किया गया है जो पेट में पल रहे बच्चे की धड़कनें तक गिन सकती है। इस मशीन की जरूरत हर लेडी डॉक्टर को बच्चे के जन्म के समय पड़ती है। जर्मनी की हैगर कम्पनी के लैप्रोस्कोप यहां डिस्प्ले किए गए हैं। यह मशीन गॉलब्लैडर और एपेंडिक्स के समय काम आती है। इंफर्टिनिटी के लिए भी हमारे पास नवीनतम टेक्नोलॉजी हैं। निरूसंतानता का इलाज दूरबीन से किया जाता है। गर्भाशय में भी दूरबीन से इलाज किया जाता है। इसके अलावा बच्चेदानी के कैंसर का पता लगाने की मशीनरी भी हमारे पास है। उन्होंने बताया कि हमारे पास पेशाब की लीकेज के इलाज के लिए नवीनतम टेक्नोलॉजी उपलब्ध है जिसका उपचार हम लेजर तकनीक से करते हैं। हेयर रिमूवल भी हमारी कम्पनी बनाती है जिसका परिणाम बहुत अच्छा आता है। इसके अलावा बच्चेदानी के कैंसर का पता लगाने की मशीनरी भी हमारे पास है। प्रशांत मेहरोत्रा ने कॉन्फ्रेंस की सराहना करते हुए कहा कि डॉ राजुल त्यागी ने बहुत अच्छा इंतजाम किया है।

## वृहद पौधरोपण, प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन किया

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ।संस्था जन कल्याण सेवा संस्थान लखनऊ,द्वारा डाबर इंडिया लिमिटेड द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम पौधों की लुप्त प्राय प्रजातियों की रक्षा करने एवं औषधीय पौधों का अधिकाधिक वृक्षारोपण करने हेतु क्वाटर 4 के अंतर्गत किसान,प्रोफेशनल्स, स्टूडेंट्स व आम लोग के मध्य एक वृहद पौध रोपण प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन जनपद लखनऊ के काकोरी ब्लॉक के यूनिटी कॉलेज के आई टी आई कैंपस में किया गया।जिसकी अध्यक्षता सुरेंद्र भगत,जी ने की।और संस्था की तरफ से आमंत्रित विभिन्न वक्ता गण हरवंश जी,डॉ ज्ञानेश्वर जी, दुर्गेश जी, नजमुल हसन रिजवी जी,सहित सभी वक्ताओं ने उक्त विषय पर विस्तार से चर्चा की।जिससे उपस्थित समुदाय को विशेष लाभ हुआ।कार्यक्रम के उपरांत डाबर इंडिया के सीनियर साइंसिस्ट ने संस्था के अध्यक्ष राघवेंद्र मिश्रा के साथ लगे हुए पौधों का विजिट किया।साथ में संस्था के सभी कार्यकर्ताओं ने विशेष रूप से उत्साह पूर्वक भाग लिया।अंत में सभी को सूक्ष्म जलपान कराते हुए कार्यक्रम समाप्त घोषित किया गया।

## डंपर ने कार को मारी टक्कर, हादसे में दवा लेने लखनऊ जा रहे परिवार के पांच सदस्यों की मौत

लखनऊ, (संवाददता)। बहराइच– लखनऊ हाइवे पर कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र में करीम बेहड स्थित गुप्ता ढाबा के पास मंगलवार की सुबह तेज रफ्तार डंपर ने कार में टक्कर मार दी। दर्दनाक हादसे में दवा लेने जा रहे एक ही परिवार के 5 लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं हादसे में एक महिला गंभीर रूप से घायल है, जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। मटेरा थाना क्षेत्र के मटेरा चौराहा निवासी अबरार (28) सेना में जवान थे। मंगलवार को वो पिता गुलाम हजरत (65) की दवा लेने कार से लखनऊ जा रहे थे। उनके साथ उनकी पत्नी रुकैया (25), मां फातिमा (55) और एक माह की बेटी हानिया भी मौजूद थी। इस दौरान बहराइच लखनऊ राजमार्ग पर करीम बेहड के निकट गुप्ता ढाबा के पास कैसरगंज की ओर से आ रहे एक डम्पर उनकी कार में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में कार सवार गुलाम हजरत, फातिमा, अबरार, चांद, व हानिया की मौत हो गई।


सान्ध्य हिन्दी दैनिक **देश की उपासना**

**स्वात्वाधिकारी में. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।**

**सम्पादक**

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

मो0 – 7007415808, 9628325542, 9415034002

RNI NO - UPHIN/2022/86937

Email - deshkiupasanadailynews@gmail.com

**समाचार–पत्र से संबधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायालय होगा।**